मां यमुनाकी आरती एवं पूजनके साथ कार्तिक महोत्सवका आगाज

मां यमुना मैया आरती समिति बरगदघाटकी ओरसे कार्तिक मेला शुरू



मां यमुना मैया आरती समिति बरगद घाट मीरापुर की ओर से कार्तिक महोत्सव मेला शुरू हो गया। सोमवार को मां यमुना जी की आरती पूजन कर कार्तिक महोत्सव का आगाज किया गया।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने हनुमान मंदिर बरगद घाट पर ब्राम्हणों के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक मां यमुना की पूजा और आरती पूजन ५१ पीठों ज्योति माला के साथ किया। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक भव्यता के साथ कार्तिक महोत्सव मेले के दौरान पूरे कार्तिक मास तक प्रतिदिन मां यमुना जी की आरती एवं पूजन सुबह शाम किया जाएगा। इसके अलावा हनुमान जयंती पर भजन संध्या का आयोजन भी होगा। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि दीपावली देवोत्थान एकादशी पर २१००० दीपों और रंगोली से बरगद घाट सजाया जाएगा और देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा पर मां यमुना जी का दीपदान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राजेश श्रीवास्तव, प्रताप नारायण मालवीय, हरिमोहन मालवीय, अखिलेश श्रीवास्तव, मंजूषा सिंह, रचना वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, आरके शर्मा, जगमोहन मेहरोत्रा, अमित शुक्ला, रवि शर्मा, सर्वेश कुमार द्विवेदी, चंद्र शिरोमणि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

श्रद्धालुओंकी राहमें बह रही गंदगी, परेशानी

बलुआघाट पर यमुना किनारे जाने वाले रास्ते पर राम जानकी मंदिर के सामने पिछले एक हफ्ते से चैम्बर से निकल रही सीवर की गंदगी से श्रद्धालु परेशान हैं। सड़क पर गंदा पानी लगातार बह रहा है। इस समय कार्तिक मेले की शुरुआत हो चुकी है, जिसके कारण घाट पर स्नान और दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं तथा स्थानीय नागरिकों को इस गंदे पानी से होकर गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन एवं नगर निगम से मांग की है कि जल्द इस समस्या से निजात दिलाये ताकि कार्तिक स्नान में गंदगी बाधक न बने।

प्रयागराज एयरपोर्टपर कार्मिकोंको दिलायी सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारीकी शपथ

प्रयागराज एयरपोर्ट पर २६ अक्तूबर से १ नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम 'सत्यता से समृद्धि' है। इसी क्रम में प्रयागराज एयरपोर्ट के सभागार मे विमानपत्तन निदेशक नवनीत कुमार गुप्ता ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर कार्यरत सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा तथा ईमानदारीकी शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रयागराज एयरपोर्ट पर पूरे सप्ताह सतर्कता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकारके कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे निवारक सतर्कता को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर विमानपत्तन निदेशक ने सभी को अपने जीवन में सत्यनिष्ठ तथा ईमानदार रहने के लिए प्रेरित किया।

इविवि में ९८ गैर शैक्षणिक कर्मचारियोंकी सेवा स्थायी करनेको मंजूरी

कुलपतिकी अध्यक्षता में कार्य परिषदकी बैठक, १७ से १९ नवम्बर तक होंगी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को कार्य परिषद की बैठक हाइब्रिड मोड में नॉर्थ हॉल में हुई। बैठक में एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट प्रोफेसर, तीन असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ ही ९८ गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायी करने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा विश्वविद्यालय में १७ से १९ नवंबर तक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान कुलसचिव प्रो. आशीष खरे ने कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव का दूसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त होने पर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कुलपति के प्रथम कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शिक्षक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियां हुईं। पुरानी इमारतों के पुनर्निर्माण और सुधार के साथ कई नए भवनों का निर्माण कराया गया।

नई शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू करने के साथ शैक्षणिक, शोध और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार किए गए। इन प्रयासों का परिणाम रहा कि विश्वविद्यालय को नैक से ए प्लस ग्रेड मिला और एनआईआरएफ में कई कार्यक्रमों की रैंकिंग हासिल हुई। साथ ही विश्वविद्यालय देश के उन प्रमुख संस्थानों में शामिल हुआ, जहां प्रवेश लेने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रुचि दिखाते हैं। कार्य परिषद के सदस्यों ने विश्वास जताया कि कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव अपने दूसरे कार्यकाल में भी विश्वविद्यालय की प्रगति और शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के प्रयास जारी रखेंगी। बैठक में कुलपति ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ये प्रतियोगिताएं १७ से १९ नवंबर तक होंगी।

उत्तर मध्य रेलवेमें जागरूकता सप्ताह शुरू

मुख्यालयमें वाकाथन, हस्ताक्षर अभियान एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में वाकाथन, हस्ताक्षर अभियान जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक एवं शपथ ग्रहण के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। ज्ञात होगा आज सुबह सात बजे सतर्कता जागरूकता विषय पर वाकाथन का आयोजन किया। यह वाकाथन में सूबेदारगंज स्थित उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय (संगम परिसर) से शुरू होकर रेलगांव रेलवे कॉलोनी में स्पंदन अधिकारी क्लब तक की गयी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नरेश पाल सिंह, महाप्रबंधक नेतृत्व में एवं विपुल कनौजिया, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारी ने कार्यक्रम में बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिये निर्बाध रूप से कार्य करने की शपथ दिलायी। शपथ के तहत प्रतिज्ञा की गई कि सभी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिये निर्बाध रूप से कार्य करेंगे। इसी क्रम में भ्रष्टाचार पर संगम परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। अभियान के अंतर्गत आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज में अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार के नेतृत्व में एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) एम. एम. वारिस, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) धनंजय कुमार की उपस्थित में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन तथा अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के संकल्प सभागार में मुख्य सतर्कता अधिकारी (स्टोर्स) श्री विपुल कनौजिया की अध्यक्षता में सतर्कता जागरूकता अभियान-२०२६ एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०२६ के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजीनियरिंग) गुंजन श्रीवास्तव, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इलेक्ट्रिक) कृष्ण कान्त, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (ट्रैफिक) जे. संजय कुमार तथा उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (मैकेनिकल) ऋषिरज आदि उपस्थित रहे।

व्यापारियोंने की वाहनोंका चालान एवं सीज न करने की मांग

पर्वोंके मद्देनजर कारवाईपर लगे रोक

प्रयागराज व्यापार मंडल की बैठक सिविल लाइंस स्थित जिला कार्यालय में चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में दीपावली के त्योहारी सीजन को देखते हुए व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा कर प्रशासन से राहत देने की मांग की गई। वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं मुख्य वक्ता दिलीप चौरसिया ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग से पहले ही परंपरागत व्यापार प्रभावित है। वहीं, बाजारों में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था न होने के बावजूद खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों और व्यापारियों के वाहनों का चालान किया जा रहा है। इससे ग्राहक बाजार आने से कतराते हैं, और व्यापार पर असर पड़ता है। उन्होंने दीपावली तक चालान की कारवाई पर रोक लगाने की मांग की।



महानगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता और महानगर वरिष्ठ महामंत्री विजय केसरवानी ने कहा कि जीएसटी विभाग के सचल दल द्वारा छोटी-छोटी त्रुटियों पर मालवाहक वाहनों को सीज करने से माल की आपूर्ति बाधित होती है। युवा जिलाध्यक्ष प्रियंक कुमार गुप्ता ने कहा कि त्योहार के मद्देनजर सभी विभागों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ताकि व्यापारी आसानी से कारोबार कर सकें। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष सुशांत कुमार केसरवानी ने किया।

इस अवसर पर हरिशेनगंज, शिवजी साहू, धीरज केसरवानी, मुदित खत्री, जिला कोषाध्यक्ष राजीव तिवारी, सुशील जायसवाल, अमित गुप्ता, जूही श्रीवास्तव, बनारसी साहू, अतुल जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

इविवि में छात्र संघ बहालीकी मांग, सौंपा ज्ञापन

लोकतांत्रिक अधिकारोंके लिए निर्वाचित मंच जरूरी -दिशा

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ बहाली और शीघ्र चुनाव कराने की मांग को लेकर दिशा छात्र संघटन ने सोमवार को आवाज उठाई। संघटन के सदस्यों ने कुलपति के नाम ज्ञापन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) को सौंपकर छात्रसंघ चुनाव जल्द कराने की मांग की।

संगठन के प्रियांशु ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक और लोकतांत्रिक परंपरा में छात्रसंघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह विद्यार्थियों की समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुंचाने और छात्रहित के मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाने का प्रमुख मंच है। निधि ने कहा कि नियमित छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से विद्यार्थियों के पास अपनी समस्याओं और मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों का मंच नहीं है। छात्रसंघ के माध्यम से विद्यार्थी प्रशासन से जवाबदेही मांगने के साथ विश्वविद्यालय के निर्णयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। संघटन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रसंघ बहाली की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने और जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में निधि, प्रियांशु, ज्योति, सुहानी, विशेष और इशांत शामिल रहे।

कार्यकारिणी सदस्योंकी मतगणनामें सौरभ १०१६ मतोंसे सबसे आगे

हाईकोर्ट बार चुनाव:प्रवीण तिवारी दूसरे और देवाशीष तीसरे स्थान पर

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) की मतगणना में सौरभ शुक्ला १०१६ मतों के साथ सबसे आगे रहे। आचार्य प्रवीण तिवारी दूसरे और देवाशीष त्रिपाठी तीसरे स्थान हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना के २४वें दिन सोमवार को लाइब्रेरी हाल में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के १० पदों के ६५०९ मतपत्रों की गणना हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी ने बताया कि मतगणना में अब तक प्रत्याशी सौरभ शुक्ला को १०१६,आचार्य प्रवीण तिवारी को ९३९, देवाशीष त्रिपाठी को ८७०, अंकुश यादव को ७९३,कृष्ण मोहन सिंह को ७८३, आदित्य सिंह को ७६३, चित्रांशु श्रीवास्तव को ७५९,अखिलेश कुमार शुक्ला को ७५०, अमित सिंह बिसेन को ७२७, जफर अली को ७१२, अभिषेक तिवारी को ७२४, कुलदीप त्रिपाठी को ७०४,सचिन शर्मा को ७०२,विनय कुमार साहू को ६८५, मोहित कुमार तिवारी को ६७५, रजनी कुमार मिश्र को ६६३, अफजल अली को ६४५ मत मिले। कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल १०० प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मतगणना के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद फरमान अहमद नकवी, चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, जेबी सिंह, राज कुमार शुक्ला, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अनुभव शुक्ला सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि रविवार को मतगणना स्थगित रहेगी। सोमवारको अपने निर्धारित समयानुसार लाइब्रेरी हाल में मतगणना होगी।

सजाये जा रहे आशियाने, पेंटकी दुकानोंपर जुटी भीड़

कच्चे तेलकी कीमतोंमें उतार-चढ़ावसे पेंटके दामोंमें बढ़ोतरी

दीपावली पर्व के नजदीक आने के साथ ही लोग घरों को सजाने और संवारने में जुट गये हैं। अपने आशियाने को नये लुक देने के लिए नगर के मुख्य पेंट बाजारों जानसेनगंज, चौक, ठठेरी बाजार, नखास कोहना, बैरहाना, सिविल लाइंस, कटरा, तेलियरगंज, राजरूपपुर में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। वैश्विक स्थिति का असर भी पेंट के बाजारों में दिख रहा है। इसके चलते कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के लिए पेंट के दामों में बढ़ोतरी से लोगों को ज्याद जेब ढ़ीली करनी पड़ रही है। बाजारों में ब्राण्डेड और नानब्राण्डेड पेंट के आधा लीटर पेंट की कीमत दो सौ रुपये के पार पहुंच रही है। घरों में परिवार के बीच छोटे और बड़ों में घर के अंदर से बाहर को नये कलर में लगाने के लिए चर्चा तेज हो गयी है। पेंट की दुकानों में लोग रंग और पेंट की जानकारी के लिए पहुंच रहे हैं।

दुकानदारों के मुताबिक बाजार में अलग अलग बजट के हिसाब से पेंट की वैराइटी मौजूद हैं। प्लास्टिक पेंट की कीमत चार सौ रुपये प्रति लीटर के हिसाब से अलग अलग ब्राण्डों की होती है। इस पेंट को दीवारों पर लगाने से अच्छी चमक आती है। यह आसानी से हाथों या कपड़ों पर नहीं लगता है। इसकी कीमत अलग अलग वैराइटी के हिसाब से अलग हो सकती है। हालांकि वास्तविक खर्च घर के आकार, दीवारों की स्थिति और चुने गये पेंट के हिसाब से अलग हो सकता है। वहीं कम बजट में घर की पुताई कराने के लिए डिस्टेंपर भी एक विकल्प है। इधर त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही पेंटरकी मांग भी बढ़ गयी है।

एआईएमआईएम विधिक प्रकोष्ठकी कार्यकारिणी गठित

आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की विधिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अफसर महमूद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष असदउद्दीन ओवैसी के निर्देश पर संघटन को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश विधिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव इरम अतीकउल्लाह, राजेश कुशवाहा, दीपक पटेल सहित कुल ११ सदस्यों को प्रदेश विधिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

फर्जीवाड़ा केसमें राजवर्धन चौहानको मिली सशर्त जमानत

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर जिले के थाना गंज में दर्ज फर्जीवाड़ा केस में आरोपी राजवर्धन सिंह चौहान उर्फ आशु को सशर्त जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने यह आदेश पारित किया।याची की ओर से सीनियर एडवोकेट दया शंकर मिश्रा के साथ चंद्रकेश मिश्रा, ने बहस की।कोर्ट ने कहा इसी केस में सह-अभियुक्त चिराग सक्सेना को जमानत मिल चुकी है साथ ही याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

दूसरे दिन भी श्रद्धालुओंने संगममें किया शरद पूर्णिमाका स्नान

शरद पूर्णिमा का स्नान प्रयागराज में दूसरे दिन सोमवार को भी हुआ। श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाकर मां लक्ष्मी का पूजन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मां गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। स्नान के बाद मां गंगा और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य तथा जन-कल्याण की मंगल कामना की। यह सिलसिला दोपहर बाद तक चला। मान्यता के अनुसार, यह वर्ष की एकमात्र ऐसी रात्रि है जब चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। यह भी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात को मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और यह जानने के लिए आती हैं कि कौन जाग रहा है। इस दिन उनकी विशेष पूजा और कोजागर व्रत किया जाता है। कई जगहों पर भगवान विष्णु (लक्ष्मी-नारायण) की भी आराधना होती है।



पत्नी-बेटीके भरण-पोषणके लिए पतिके वेतनसे कटेगा २५ प्रतिशत-हाईकोर्ट

आयकरकी कटौती छोड़कर सकल वेतनके आधारपर होगी गणना, इंडियन बैंकके अधिकारियोंको दिया निर्देश

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी व नाबालिग बेटी के भरण-पोषण के लिए पति के सकल वेतन से आयकर की कटौती को छोड़कर शेष राशि के आधार पर २५ प्रतिशत रकम देने का निर्देश दिया है। यह राशि पति के वेतन से काटकर पत्नी के सत्यापित बैंक खाते में जमा की जाएगी। कोर्ट ने संबंधित पारिवारिक न्यायालय और इंडियन बैंक उन्नाव के उच्च अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक आदेश करने और कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि ने पिंकी वर्मा और अन्य की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याचिका में कानपुर नगर के प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश के २२ दिसंबर २०२५ के आदेश को चुनौती दी गई थी। परिवार न्यायालय ने पत्नी और नाबालिग बेटी के भरण-पोषण के लिए १९ हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। पत्नी ने इस राशि को बढ़ाकर ४० हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पति इंडियन बैंक में विंडो ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। उसकी आय को देखते हुए भरण-पोषण की राशि पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि पति के वेतन का २५ प्रतिशत हिस्सा भरण-पोषण के लिए दिया जाना उचित है। यह भी दलील दी गई कि कर्ज की किस्त जैसे स्वैच्छिक वित्तीय दायित्वों के आधार पर पत्नी और बच्चे के भरण-पोषण की जिम्मेदारी कम नहीं की जा सकती।पति की ओर से कहा गया कि पत्नी व नाबालिग बेटी के साथ रहने की संभावना नहीं है और वह अपने वेतन का २५ प्रतिशत हिस्सा भरण-पोषण के लिए देने को तैयार है।

हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी, नाबालिग बच्चों व आर्थिक रूप से असमर्थ माता-पिता का भरण-पोषण करना पति का कानूनी ही नहीं बल्कि पवित्र दायित्व भी है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि भरण-पोषण संबंधी प्रावधान महिलाओं और बच्चों को आर्थिक अभाव से बचाने तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। कोर्ट ने परिवार न्यायालय के पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए निर्देश दिया कि पति के सकल वेतन से आयकर की कटौती को छोड़कर शेष राशि का २५ प्रतिशत भरण-पोषण के रूप में काटा जाए। संबंधित परिवार न्यायालय को इंडियन बैंक के अधिकारियों को इस आशय का आदेश जारी करने का भी निर्देश दिया गया है। इन निर्देशों के साथ कोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका निस्तारित कर दी।

आशा कार्यकर्त्रियोंके आंदोलनका दबा रही है सरकार- भाकपा माले

आशा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन में लखनऊ में दर्ज एफआईआर की निंदा की है। इस एफआईआर में आइसा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार सहित अन्य लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। भाकपा माले जिला प्रभारी सुनील मौर्य ने कहा कि आशा कार्यकर्ता और आशा संगिनी लंबे समय से सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग कर रही हैं। उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय नेतृत्व कर रहे लोगों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज किये गये है। एक ओर सरकार इन महिला श्रमिकों के आवश्यक श्रम पर निर्भर है, वहीं दूसरी ओर उन्हें सरकारी कर्मचारी के रूप में मान्यता और अधिकार देने की मांग को अनसुना कर रही है। आरोप लगाया कि २३ अक्तूबर का प्रदर्शन शांतिपूर्ण था। यातायात में कोई बाधा उत्पन्न नहीं की। यह एफआईआर डराने-धमकाने और लोकतांत्रिक विरोध की आवाज दबाने की कोशिश है। सरकार को पुलिसिया कारवाई और मुकदमों से आंदोलन दबाने के बजाय आशा कार्यकर्ताओं की मांगों का समाधान करना चाहिए। भाकपा (माले) मांग करती है कि यह एफआईआर तत्काल वापस ली जाए। पुलिस उत्पीड़न बंद किया जाए। आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाय।

वन विभागके दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियोंके बदले आउटसोर्सिंगसे नियुक्तिका मामला

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के बदले आउटसोर्सिंग से कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने के खिलाफ याचिका पर राज्य सरकार से दो हफ्ते में जानकारी मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष निगम ने वन कर्मचारी अनिल कुमार सिंह एवं अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता अर्चना श्रीवास्तव व पंकज श्रीवास्तव ने बहस की।इनका कहना है कि याचीगण पिछले १५साल से दैनिक या तय वेतन पर कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वन विभाग के दैनिक कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने का आदेश दिया तो इन्हें जुलाई २६से वेतन नहीं दिया गया, हालांकि काम लिया जा रहा है और आउटसोर्सिंग कर्मी रखें जा रहे हैं। अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव ने यह भी तर्क प्रस्तुत किया कि वन विभाग द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से १५ हजार से अधिक कर्मचारियों को रखे जाने की प्रक्रिया का वर्तमान में कार्यरत लगभग १५ हजार कर्मचारियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे कर्मचारियों की स्थिति बदलकर उन्हें वन विभाग के बजाय जेम पोर्टल के माध्यम से नियुक्त ठेकेदारों के कर्मचारी के रूप में माना जा सकता है। दैनिक कर्मचारियों के बदले आउटसोर्सिंग से रखना कानून के खिलाफ है।जिसे रद करने की मांग की गई है।

नियमानुसार पटाखेके लाइसेंस देनेकी मांग

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की बैठक सिविल लाइंस में मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष प्रयागराज व्यापारी रमेश केसरवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी से यह मांग किया है कि जिला एवं शहर के थोक एवं फुटकर पटाखे वाले जिनका कई वर्षों से लाइसेंस दिया जा रहा है। उन व्यापारियों को नियमानुसार लाइसेंस दिया जाए। ताकि उन व्यापारियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। क्योंकि कुछ अधिकारी व्यापारियों को उत्पीड़न और शोषण कर रहे हैं, जो की गलत है। बैठक का संचालन नीरज जायसवाल ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जुगनू रावत, राकेश केसरवानी,पंकज जायसवाल,अलोक साहू, ब्रजेश चौरसिया, राजेश चौरसिया,आरुण कुमार, शंकर लाल केशरवानी, बिनोद केसरवानी, मनोज अग्रहरि संतोष केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

कर्तव्योंका ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शितासे करने की ली शपथ

प्रधान महालेखाकार कार्यालयमें अधिकारियों एवं कर्मचारियोंका शपथ ग्रहण समारोह



प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम)कार्यालय में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२६ का आयोजन हुआ। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्रत्येक स्तर पर सत्यनिष्ठा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता की संस्कृति को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करने की शपथ ली। समारोह में प्रधान महालेखाकार राज कुमार, वरिष्ठ उप महालेखाकार प्रशासन प्रोमी, उप महालेखाकार संदीप तिवारी, उप महालेखाकार रवि कथूरिया, उप महालेखाकार लोकेश चौधरी आदि शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और लोकहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शपथ ग्रहण की गई। अधिकारियों-कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करेंगे तथा अपने कार्यों में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखते हुए लोकहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। साथ ही, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य-सहहिष्णुता की भावना को सुदृढ़ करने तथा सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्रत्येक स्तरपर सत्यनिष्ठा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता की संस्कृति को सुदृढ़ करना है। यह जानकारी पीआरओ राजेश तिवारी ने दी।

दिव्यांगजन डांडिया उत्सवने दिया समावेशी समाजका संदेश

राजर्षी टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड प्रयागराज मे लोक सेवक मंडल एवं अनाम स्नेह परिवार के मातृ स्नेह संगठन द्वारा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया।

यह सांस्कृतिक आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समानता, सम्मान, अपनत्व और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी संदेश बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित एवं उनकी धर्मपत्नी कांति दीक्षित एवं अखिल भारतीय महिला शाखा शहर की अध्यक्ष नीतू केशरवानी, प्रीति रानी तिवारी, मधु, प्रेमलता शुक्ला आदि उपस्थित रहीं।

रेल पेंशनरोंको घरपर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनानेकी दी सहायता

मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, वैभव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ रेल पेंशनरों तथा आवागमन में कठिनाई का सामना करने वाले पेंशनरों की सुविधा के लिए घर पर ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करने में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना तथा पेंशनरों को अनावश्यक परेशानी से बचाना है। इसके माध्यम से विशेष रूप से उन वरिष्ठ नागरिकों को राहत प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्हें अधिक आयु अथवा शारीरिक असुविधा के कारण बैंक या संबंधित कार्यालय तक पहुंचने में कठिनाई होती है। इसी क्रम में २५ अक्टूबर २०२६ को संबंधित कर्मचारियों ने पेंशनरों के आवास पर पहुंचकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कर्मचारियों द्वारा मोबाइल आधारित प्रक्रिया, डिजिटल सत्यापन तथा जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में पेंशनरों को जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया।

विकसित भारत युवा संसद २०२६के लिए ३१ तक मांगे आवेदन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 'मेरा युवा भारत' के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं एवं विकसित भारत के दृष्टिकोण से जोड़ने के लिए विकसित भारत युवा संसद में सहभागिता के लिए आवेदन मांगे गये है। प्रयागराज का कोई भी युवा, जिसकी आयु १७ अगस्त २०२६ को १८ से २५ वर्ष के बीच हो। आवेदन की अंतिम तिथि ३१ अक्तूबर तक रखी गयी है। यह आयोजन नगर निगम के सदन सभागार में एक नवंबर को होगा। प्रतिभागी MY Bharat portal par 1 min ki sample video upload krke 'District Youth parliament' पर क्लिक करके प्रतिभाग कर सकते हैं। 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' एवं विकसित भारत की परिकल्पना के संदर्भ में विषय रखा गया है। पंजीकरण के समय विषय पर एक मिनट का नमूना वीडियो अपलोड करना अनिवार्य है। अंतिम सहभागिता प्रारंभिक स्क्रीनिंग के आधार पर निर्धारित होगी। चयनित प्रतिभागियों को विषय पर तीन मिनट में अपने विचार हिंदी या अंग्रेजी में प्रस्तुत करने होंगे। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल प्रतिभागियों का मूल्यांकन करेगा।

कोई प्रतिभागी केवल एक जिले से ही सहभागिता कर सकेगा। चयनित-विजेता प्रतिभागी को अन्य जिले से दोबारा सहभागिता की अनुमति नहीं होगी। पंजीकरण के दौरान मेरा भारत पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए विवरण के माध्यम से सूचित किया जाएगा। शीर्ष तीन विजेताओं को राज्य स्तरीय युवा संसद में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अन्य सात शीर्ष विजेताओं को प्रमाण-पत्र, ट्राफी एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। पुराने वर्षों के नेशनल राउंड के विजेता इस कार्यक्रम में प्रतिभाग के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे।

राहुल गांधीको कोर्ट से बरी किये जानेका कांग्रेसियोंने किया स्वागत

स्थानीय कांग्रेसजनों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मानहानि मामले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोर्ट द्वारा बरी किए जाने को असत्य पर सत्य की जीत बताया है। चौक स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार शहर अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठकमें कहा गया कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इशारे पर फंसाये गये राहुल गांधी को शाह पर कथित टिप्पणी से जुड़े मामले में सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने बरी कर दिया। इस दौरान अदालतमें राहुल गांधी भी मौजूद रहे। बैठक में सुधाकर तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, ज़िया उबैद, परवेज़ सिद्दीकी, रजनीश सिंह, सुष्मिता यादव, अफरोज अहमद, शशि प्रकाश, प्रदीप द्विवेदी, प्रवक्ता शाहनवाज़ कुरैशी, मनोज पासी, इश्तियाक अहमद, राकेश पटेल, अहमदुल्ला, कामेश्वर सोनकर, तबरेज़ अहमद, सचिन कुशवाहा, अनुपम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६२)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।